अतिक्रमण | राहगीरों का निकलना मुश्किल, प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# न्यू बस स्टैंड पर अतिक्रमण का जाल

## मन्नत कॉम्प्लेक्स के रास्ते पर घंटों जाम

**नवभारत। नरसिंहपुर/ गाडरवारा ।** नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या दिनों-दिन गंभीर होती जा रही है। न्यू बस स्टैंड से मन्नत कॉम्प्लेक्स की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है, जिसके कारण यहां से गुजरने वाले राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय निवासियों का जीवन दूभर हो गया है। स्थिति यह है कि इस संकरे रास्ते पर अब घंटों जाम लगना आम बात हो गई है, जिससे आपातकालीन वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है।

### क्या है समस्या?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यू बस स्टैंड परिसर से सटा हुआ मन्नत कॉम्प्लेक्स का रास्ता, जो कि कई छोटी-बड़ी दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को जोड़ता है, उस पर दुकानदारों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

**किराए की दुकानें भी अतिक्रमण में:** मार्ग पर कई ऐसी दुकानें संचालित हो रही हैं, जो मूल दुकानदारों द्वारा आगे की जमीन पर अवैध रूप से किराये पर लगा दी गई हैं। ये दुकानें सड़क के किनारे तक फैल गई हैं, जिससे राहगीरों के लिए बमुश्किल दो से तीन फीट जगह बचती है। **सामानों का फैलाव:** दुकानदारों ने अपने सामानों को दुकान के सामने सड़क तक फैलाकर रख दिया है, जिससे रास्ता और भी संकरा हो गया है। कई जगहों पर ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग भी इसी मार्ग पर होने से यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है।




### अतिक्रमण हटाने में अधिकारियों को आ रहा पसीना

स्थानीय निवासियों ने कई बार इस संबंध में नगर पालिका और यातायात पुलिस से शिकायत की है। पूर्व में यदा-कदा अतिक्रमण हटाने की औपचारिकता तो पूरी की गई, लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकल पाया। अतिक्रमण हटाने के कुछ ही दिनों बाद स्थिति फिर से जस की तस हो जाती है। स्थानीय निवासी (यहाँ आप किसी स्थानीय व्यक्ति का नाम और पद/पेशे का काल्पनिक उल्लेख कर सकते हैं, जैसे - रमेश साहू, स्थानीय व्यापारी) ने बताया, यह रास्ता अब पूरी तरह से ठप हो चुका है। ऐसा लगता है जैसे अधिकारियों को इस समस्या से कोई सरोकार ही नहीं है। अगर तत्काल ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और भी बिगड़ जाएगी।

### यातायात पर बुरा असर

यह मार्ग गाडरवारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में से एक है। बसों से उतरने वाले यात्रियों, बाजार आने वाले लोगों और स्थानीय निवासियों का आवागमन इसी रास्ते से होता है।

### घंटों जाम

संकरा रास्ता और अनियमित पार्किंग के कारण यहां दिन में कई बार लंबा जाम लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यस्त समय में इस छोटे से रास्ते को पार करने में आधा से एक घंटा लग जाता है।

**आपात स्थिति में जोखिम:** जाम के कारण एम्बुलेंस या अन्य आपातकालीन वाहनों का निकलना भी असंभव हो जाता है, जिससे अप्रिय घटना होने का जोखिम बना रहता है। महिलाएं और बच्चे परेशान- भीड़भाड़ और जाम के कारण पैदल चलने वाली महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**आवश्यकता है ठोस कदम की:** नागरिकों ने नगर पालिका परिषद और जिला प्रशासन से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए एक स्थाई अभियान चलाएं। केवल खानापूर्ति न हो, बल्कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## जनसुनवाई में आये 128 आवेदन

**नवभारत । नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 128 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। जनसुनवाई में तहसील गाडरवारा के ग्राम बसुरिया के रेवाराम लोधी ने अपना आवेदन देकर बताया कि उन्हें सुनने में बहुत परेशानी होती है। इस पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश के निर्देशन पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी के परीक्षण उपरांत तुरंत कान की मशीन रेवाराम लोधी को प्रदान की गई। इसी तरह तहसील नरसिंहपुर के ग्राम डांगीढाना के दुर्गासिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया था।

## पंजीयन से विपरीत ट्रैक्टरों का हो रहा है दुरूपयोग

**नवभारत । गाडरवारा।** कृषि हेतु ट्रेक्टर का रजिस्टेशन करवाए जाने के बावजूद इसका उपयोग व्यवसाय कार्य के लिए करते हुए देखा जा रहा हैड़ जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ईट, मिट्टी,रेत, गिट्टी या फिर बांस, बल्ली व अन्य समान ढोतें हुए अनेक ट्रेक्टर धडल्लें से सड़कों पर दौड़तें देखें जा रहे है। जबकि कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टा ग्रामीण विकास विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के साथ ही अन्य तमाम विभागों व ठेकों पर कार्य करतें कभी भी देखें जा सकतें हैड़ यद्यपि तहसील मुख्यालय का शहरी मार्ग पूरी तरह से बड़ें वाहनों के साथ साथ अन्य व्यवसायों में लगे हुए ट्रेक्टरों को भी प्रति बंधित होना चाहिए, जहां कि बाजार तथा सड़कों व आवागमन को देखते हुए यहां से कृषि कार्य में उपयोगी माने जाने वाले टेक्टर वेखौफ होकर व्यावासियक गतिबिधियों में संलग्न देखें जाने के बावजूद भी प्रशासनिक कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा इस ओर अनदेखी की जा रही है। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि ट्रेक्टरों पर खुलेआम लिखा होता है कि कृषि कार्य और इनका उपयोग सिर्फ कृषि कार्यो में होना चाहिए




ताकि किसान कृषि कार्यो को समय पर कर सके लेकिन शहरी हालातों में ट्रेक्टरों की स्थितियां जो सामने आ रही है वही अस्सी फीसदी व्यवसायिकता के मद्देनजर सामने आ रही है जहां शासन प्रशासन द्वारा कृषि उपयोगी माने जाने वाले ट्रेक्टर का रजिस्टेशन केवल कृषि कार्यो के लिये किया जाता है। लेकिन कमाई के चक्कर में इनका उपयोग व्यवसायिक दृष्टि से किया जा रहा है, जो शासन के नियमों के खिलाफ होने के बाद भी इन पर कोई कार्यवाही नह होना चर्चा का विषय बना हुआ है वही प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण दिखाई दे रहा है।

## गिरीश व मनीष का साहू समाज ने किया स्वागत

**गोटेगांव।** बीते दिवस राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री गिरीश साहू छिंदवाड़ा एवं मनीष साहू बंडोल का आगमन हुआ जहां स्थानीय साहू समाज उत्थान मंडल ने फूल माला साल श्रीफल तिलक रोरी से समाज के वरिष्ठ जनोद्वारा स्वागत किया गया एवं समाज को संगठित करने समाज में व्याप्त कुरीतियां जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की गई एवं गिरीश साहू ने कहां की तेली साहू महासंगठन को जिला के अंतिम छोर के व्यक्ति को जिले में जोड़ने एवं वर्तमान समय में विवाह में युवाओं एवं युवतियां एवं समय का अभाव के कारण विवाह जोड़ने में परेशानी आ रही है उसके लिए परिचय पत्रिका



उपकार में बायोडाटा देने के लिए कहा गया है गोटेगांव में अध्यक्ष भगवानदास साहू से संपर्क किया जा सकता है वैवाहिक पत्रिका आगामी दिसंबर में प्रकाशित होगी अंत में जिला अध्यक्ष बी डी साहू द्वारा आभार प्रकट किया गया द्ब इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भगवान दास बीडी साहू सेवानिवृत्ति तहसील अध्यक्ष ग्रामीण त्रिभुवन साहू ओम प्रकाश साहू प्रदीप साहू पवन साहू खेमलाल साहू आशीष साहू मीडिया प्रभारी गुलाब साहू शिक्षक घनश्याम साहू सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## इंदौर पुलिस ने बगासपुर से आरोपी राजा हाशमी को किया गिरफ्तार

**नवभारत । नरसिंहपुर।** जिले में गोटेगांव थाना क्षेत्र के बगासपुर में रविवार सुबह एक विशेष कार्रवाई के दौरान इंदौर पुलिस ने आरोपी राजा हाशमी पिता सलीम हाशमी उम्र 39 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर, थाना अधारताल जिला जबलपुर (म.प्र.) को गिरफ्तार किया। आरोपी को थाना पंढरीनाथ जिला इंदौर में दर्ज अपराध क्रमांक 97/25, धारा 119(1), 3(5), 308(4), 351(2) बीएनएस के तहत तलाशा जा रहा था। थाना पंढरीनाथ, इंदौर के उपनिरीक्षक रामकुमार रघुवंशी अपने हमराह स्टाफ सउनि विकास और आरक्षक 1626 राजाराम के साथ आरोपी की तलाश में नरसिंहपुर जिले पहुंचे थे। स्थानीय सहयोग के लिए थाना गोटेगांव पुलिस से बल आरक्षक





516 पंकज द्विवेदी, आरक्षक 208 परसराम असैया, आरक्षक 559 मयंक लिटोरिया और आरक्षक 648 ऋषभ कुर्मी को इमदाद में लिया गया। पुलिस टीम ने ग्राम बगासपुर स्थित शानू टेलर के घर दबिश दी, जहां से आरोपी राजा हाशमी को हिरासत में लिया गया। बाद में पुलिस टीम आरोपी को लेकर वापस इंदौर रवाना हो गई। इस मामले में गोटेगांव एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह इंदौर पुलिस की टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से बगासपुर से आरोपी राजा हाशमी को गिरफ्तार कर ले गई है। आगे की विवेचना और पूछताछ पंढरीनाथ थाना इंदौर द्वारा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंदौर जिले के पंढरीनाथ थाने में महामंडलेश्वर सोना मंगला गौरी नंदगिरी निवासी 91 नंदलालपुरा, इंदौर की रिपोर्ट पर यह मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी राजा हाशमी, सपना हाजी, अक्षय कुमायु और पंकज जैन ने किन्नर समुदाय के सदस्यों को प्रताड़ित किया, जिससे भय और तनाव में आकर 15 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे 24 किन्नर साथियों ने फिनायल पी लिया था। उनमें से कई की हालत गंभीर बताई गई थी। इस संवेदनशील मामले ने इंदौर में सनसनी फैला दी थी। फिलहाल आरोपी राजा हाशमी को पुलिस ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का लाभ लेने पहुंचे 86 नेत्र रोगी

**नवभारत । गाडरवारा।** शासकीय सिविल अस्पताल में मंगलवार, 28 अक्टूबर को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण सह मोतियाबिंद ऑपरेशन चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लाभ लेने ओपीडी में 86 नेत्र रोगी पहुंचे। इनमें से चयनित, फिट 16 मरीजों को नि:शुल्क का ऑपरेशन हेतु वाहन द्वारा देवजी नेत्रालय जबलपुर रेफर किया गया। जहां उनके ऑपरेशन के उपरांत उन्हे वापस छोड़ा जाएगा। शिविर में मरीजों की नेत्र जांच नेत्र चिकित्सा सहायक यूएस पटेल ने, वहीं मेडिकल परीक्षण प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर उपेंद्र वस्त्राकार ने किया। शिविर में पैथोलॉजी जाँच पुष्पेंद्र पटेल ने एवं अरविंद सराठे, अभिलाष पथरोल ने सहयोग प्रदान किया।

### एक नजर में



#### खाद नहीं मिलने से किसानों ने किया चकाजाम


**नवभारत । गोटेगांव।** विगत दिवस कुहड़ाखेड़ा के पास शासकीय वेयर हाउस से किसानों को खाद नहीं मिलने के कारण आक्रोशित होकर किसानों ने सड़क पर आकर बैठ गए और चक्काजाम करते हुए खाद दिलाने की मांग करते रहे है। वर्तमान समय में खेतों में बोवनी का समय आ गया है किसानों का कहना है कि यदि किसानों को खाद नहीं मिलेगा तो वह रवि की फसल की बोवनी कैसे करेगें। मौके पर पहुंचे नगरीय अधिकारी कर्मचारी और पुलिस प्रशासन ने हंगामा कर रहे कृषकों को शालीनता के साथ समझाया और चक्का जाम खुलवाया वहीं किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी किसानों को व्यवस्थित तरीके से और पर्याप्त खाद्य उपलब्ध कराया जाएगा ! इस मौके पर बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित थे।

#### छठ पर्व मनाया गया



## सैटिन क्रेडिट केयर बैंक कर्मचारी पर फ्रॉड का आरोप

**नवभारत । नरसिंहपुर** जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को सैटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड (ह्हह्ह्ह) बैंक के एक पूर्व कर्मचारी पर ग्राहक से धोखाधड़ी एवं रकम गबन करने का आरोप लगाया गया है। मामले में पीड़ित ने थाना गोटेगांव में लिखित शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत के अनुसार, लाठगांव पिपरिया निवासी सतेन्द्र दीक्षित पिता रमेश दीक्षित ने थाना प्रभारी को दी शिकायत में बताया कि उनकी माता किरनबाई दीक्षित के नाम से उक्त बैंक से ऋण लिया गया था, जिसकी किस्तें वे नियमित रूप से चुका रहे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, बैंक का कर्मचारी सतीश मेरावी निवासी कटंगी, बालाघाट हर 15 दिन में उनसे कुछ राशि बैंक के माध्यम से तथा कुछ नगद रूप में वसूल करता था। सतेन्द्र दीक्षित ने बताया कि उन्होंने उक्त कर्मचारी को 7,000 रुपये नगद तथा




12,910 रुपये मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से लोन की अंतिम किस्त के तौर पर दिए थे। लेकिन हाल ही में जब वे बैंक पहुंचे तो शाखा प्रबंधक ने बताया कि सतीश मेरावी ने नौकरी छोड़ दी है और उनके द्वारा दी गई राशि बैंक में जमा नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि जब तक वे सतीश मेरावी से मोबाइल पर संपर्क करते रहे, तब तक वह टालमटोल करता रहा और बाद में फोन बंद कर दिया। सतेन्द्र दीक्षित ने इस पूरे मामले की शिकायत थाना गोटेगांव में की है और आरोपी बैंककर्मी के विरुद्ध फ्रॉड एवं गबन का मामला दर्ज कर राशि वापसी की मांग की है।

## किसानों से 31 अक्टूबर तक मांग पत्र आमंत्रित

**नवभारत । नरसिंहपुर।** कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग दो गोटेगांव श्री एमएस बेनल ने बताया कि वर्ष 2025- 26 की रबी फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने मुख्य नहर 63.420 से 81.300 किमी तक हरेरी शाखा नहर व करेली वितरण नहर एवं देवरी वितरण नहर, बगासपुर, रामनिवारी व तिघरा माइनर एवं कमाण्ड की मइनरों/ सब माइनरों से लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से रबी फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में लगभग 16 हजार हेक्टर रकबे में रबी फसलों की सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है। इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री ने जिले के गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है।

## विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन दिसम्बर में

**नवभारत । तेंदूखेड़ा।** नगर में भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी के नवीन मंदिर निर्माण एवं प्रतिष्ठा आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 9दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर जैन समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रहीं हैं। विगत दिनों कलश गार्डन परिसर में वेदी भूमि पूजन एवं पात्र चयन दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पं सनत कुमार पं विनोद कुमार पं कमल कुमार शास्त्री जी के द्वारा विधी विधान से संपन्न कराया गया। पंचकल्याणक आयोजन समीति द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण दीप प्रज्वलित किया गया। इस महायज्ञ को संपन्न कराने में दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पात्रों ने बोली लगाकर सौभाग्य प्राप्त किया





है। जिसमें सौधर्म इंद्र अंकित मोदी आरती मोदी कुबेर इंद्र अमिताभ मोदी अमिता मोदी महायज्ञ नायक अमित कोठारी दीपा कोठारी यज्ञ नायक आशीष सेठ माधुरी सेठ ईशान इंद्र शुभम जैन पाटन वाले सनित इंद्र अर्पित कुसमी वाले महेंद्र साकेत तेंदूडाबर बाहुबली प्रियंक जैन श्रीयांस राजा डा अखिलेश जैन राजा सोम अनुराग मोदी भरत चक्रवर्ती आयुश तेंदूडाबर का चयन हुआ है। गौरतलब रहे कि नगर के पुराने बस स्टैंड से मंडी रोड पर जाने वाले सड़क मार्ग पर मुनि सुब्रतनाथ जी का नवीन मंदिर निर्माण हुआ है। जिसका निर्माण विगत तीन वर्षो से अनवरत जारी है। इस भव्य मंदिर में मुनि सुब्रतनाथ जी की प्रतिष्ठा हेतु विशाल प्रतिमा भी जयपुर से लाई गई है। मंदिर निर्माण की एक ट्रस्ट भी बनाई गई है जिसकी देख रेख में यह कार्य संपादित हो रहा है। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के द्वारा ही इस मंदिर की आधारशिला रखी गई थी।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

### बैठक में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की गई

**नवभारत ।** नरसिंहपुर, 28 अक्टूबर 2025. कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने शिशु व मातृ मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, आरबीएसके कार्यक्रम सहित अन्य विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल डॉ. आरके चौधरी, जिला स्वास्थ्य परिवार कल्याण अधिकारी, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।



कलेक्टर रजनी सिंह ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। आईएमआर शिशु मृत्यु दर और एमएमआर मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी विकासखंड स्तर व ग्राम स्तर पर भी पोर्टलों में दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में विकासखंड गोटेगांव और चांवरपाठा में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन लक्ष्य के विरूद्ध कम पाया गया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हांकन और प्रबंधन के लिए एनजीओ का सहयोग लेने तथा पोषण आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विकासखंड गोटेगांव में सर्वाधिक 19 प्रसव घर पर होना पाया गया।

### निगरानी रखने के निर्देश

कलेक्टर ने सीबीएमओ गोटेगांव को निर्देशित किया कि 15 दिवस में शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मातृ मृत्यु दर में प्रभावी रोकथाम के लिए निर्धारित अवधि से अधिक अवधि वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। सुरक्षित प्रसव हेतु ऑपरेशन की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में रेफर करने को कहा। कलेक्टर ने आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड चांवरपाठा और गोटेगांव की उपलब्धि कम पाए जाने पर विकासखंड करेली व नरसिंहपुर आरबीएसके टीम की ड्यूटी उपलब्धि प्राप्त करने के लिए लगाए जाने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विकासखंड गोटेगांव एवं सांईखेड़ा की उपलब्धि कम पाई गई।




## पुष्पेंद्र ने जीता गोल्ड मेडल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित

**नवभारत ।गोटेगांव।** विगतदिवस सहयोग क्रीड़ा मंडल के धावक पुष्पेंद्र परसवाल ने भोपाल में आयोजित 17 वर्ष एथेलेटिक्स मध्यप्रदेश राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 3000 मीटर दौड़ में मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता। पुष्पेंद्र ने 1500 मीटर दौड़ में द्वतीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया है। सहयोग क्रीड़ा मंडल स्टेडियम ग्राउंड में लगातार छात्र छात्राएं और खिलाड़ी प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है और अपने क्षेत्र जिला का नाम रोशन कर रहे है। सहयोग क्रीड़ा मंडल के संरक्षक जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री द्वारा समस्त खेल खिलाड़ियो को सुविधाएं दी जा रही है और उनकी मदद की जा रही है जिससे खिलाड़ियो की आगे बड़ने के अवसर मिल रहे है। पुष्पेंद्र अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए है और राष्ट्रीय स्तर की दौड़ प्रतियोगिता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे उनकी उपलब्धि पर सत्यनारायण मिश्रा पंकज चौकसे देवदत्त पचौरी उमाशंकर छिरा समस्त कोच और खिलाड़ियों ने उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है।